بسم الله الرحمن الرحيم

जुम्मा खुतुबा

विषय:-

" मुस्लिम दुनिया की गंभीर स्थिति "

हज़रत मुहीउद्दीन अल ख़लीफ़तुल्लाह मुनीर अहमद अज़ीम (अ स)

04 May 2018 (17 Shabaan 1439 AH)

अनुवादक : फातिमा जास्मिन सलीम
EMAIL:fjasmine14@gmail.com

अपने सभी चेलों सहित सभी नए चेलों, (और दुनिया भर के सभी मुसलमानों) को शांति का अभिवादन करने के बाद हज़रत ख़लीफ़तुल्लाह (अ त ब अ) ने तशहुद ,तौज, सूरह अल फातिहा पढ़ा और फिर उन्होंने अपना उपदेश दिया : **"मुस्लिम दुनिया की गंभीर स्थिति"** ।

दुनिया में सभी मुसलमानों की स्थिति (और मेरे जमात उल साहिह अल इस्लाम के सभी शिष्यों के लिए) बेहद चिंताजनक है और मैं फिर से आप सभी को ईमानदारी से प्रार्थना करने के लिए याद दिला रहा हूं कि अल्लाह (स व त) उन खतरों को दूर कर सकता है, जो इस्लाम के सामने आता हैं जो काले बादलों द्वारा घेर लिया गया है, जो केवल अल्लाह चाहे तो निकाल सकता है, जब भी वह प्रसन्न होता है ।

दुनिया में ऐसा कहीं नहीं है, जहां मुसलमानों को सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से खतरा न हो और हमें कोई भी सुबोध इस्लामिक प्रतिक्रिया नहीं दिखती है। वहाँ सिर्फ एक ही तुच्छ प्रतिक्रिया है जो वे जानते हैं: अपने स्वयं के मुस्लिम भाइयों पर ज़ुल्म कर रहें है और अपने हाथों से इस्लाम को खत्म कर रहें है। गृहयुद्धों के अलावा और धार्मिक संघर्ष, जो वे खुद के बीच चालू करते हैं, लेकिन जब यह दिव्य अभिव्यक्ति की चिंता करता है और वादा किए गए मसीह हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद (अ.स.) में विश्वास रखता है और इस जमाने के विनर्म सेवक ख़लीफ़तुल्लाह में, सभी मुस्लिम पक्ष एक साथ मिलकर हमला करने में संकोच नहीं कर रहें है, वे विधर्मियों के रूप में परिभाषा करते हैं। यह इस आधार पर कि वे परमात्मा के सत्य को कुचलने के लिए सहमत और एक-दूसरे की मदद करते हैं। जबसे हज़रत मुहम्मद (स अ व स) के बाद से गैर-क़ानूनी धारक पैगंबरों / दूतों का आगमन हुआ है, जब वे इनकार करते हैं, तो वे अपने आचरण खो देते हैं और परमेश्वर के लोगों को बदनाम करते है।

अब, स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि विश्वास-संबंधी सताए गए समूह: अहमदिया मुस्लिम जमात भी एक नेता बन गया है, अल्लाह के सच्चे विश्वासियों को सताना और सभी प्रकार के अस्वाभाविक नियमों को लागू करना, ताकि अल्लाह के सन्दूक की नक़ल करने की कोशिश कर सके। उदाहरण के लिए, मॉरीशस के जमात -ए-अहमदिया के अधिकारी अस्वाभाविक नियमों के मुद्दे को जारी करते हैं - जो वे दावा करते हैं कि वे खलीफत -उल-मसीह के अधिकार से आते हैं - उठो और कहीं भी दूर चले जाओ, जब भी वे इस विनम्र सेवक (मुनीर अज़ीम) खलीफातुल्लाह को देखें और सलाम आदि नहीं बोले जायेंगें। इस निर्णय का विरोध करने वाले सभी लोगों को प्रतिदण्ड को सहन करना होगा (जैसे कि जमात से निष्कासित किया जाना)।

इस प्रकार, आज के लिए मेरे धर्मोपदेश के केंद्र में वापस आने के लिए, जब यह चिंता का विषय बना, मक्का में सबसे महानतम तीर्थयात्रा को पूर्ण करते हुए, जो वहाँ के अध्यक्ष है (सऊदी अरब में पुरे दुनिया के आसपास के विभिन्न धार्मिक मुस्लिम धर्मशास्त्रियों के सहयोग से) अपने भाइयों को पवित्र भूमि में

प्रवेश करने से रोकते हैं (हरमाइन - मक्का और मदीना) और इस्लाम के पांचवें स्तंभ को पूरा करना: अर्थात् हज। वास्तव में, यह अल्लाह की दृष्टि में घृणित है कि वे दूसरों के विश्वास का न्याय करते हैं, जबकि वे खुद को इस दुनिया के आकर्षणों से गुमराह किये जा रहें है और इस्लाम को कुचलने के लिए गैर-इस्लामी राष्ट्रों की मदद कर रहें है।

दरअसल, केवल अल्लाह ही दिलों की सामग्री को जानता है और जो उसके सेवकों के विश्वास का न्याय करता है। कोई भी व्यक्ति मनुष्य की शक्ति से एक के निबाह विश्वास को नहीं जान सकता और सभी इसी दुनिया में रहते हैं। एक तरफ, वे दोस्ती के लंबे हाथ उन लोगों के लिए बढ़ा रहे हैं जो इस्लाम की घृणा करते हैं, और दूसरी ओर वे अपने स्वयं के मुस्लिम भाइयों, बहनों और बच्चों का सफाया करने के लिए, जो ऐसे इस्लामिक देशों में से है जो उनके अनुसार सही रूप से मुसलमान नहीं है, इन लोगों को हथियार और वित्त मदद कर रहे हैं या जो लोग उनके हाथों में कठपुतली बनने के लिए सहमत नहीं हैं।

इस युग के खलीफातुल्लाह के रूप में, इसलिए मेरा कर्तव्य है की सभी मुसलमानों को सलाह दूँ, विशेष रूप से उनके नेताओं को, चाहे या न चाहे । हमारी वर्तमान स्थिति में और हमारे पूरे जीवन में प्राथना करना बहुत आवश्यक है। हमारी प्रार्थना में दो पहलू होनी चाहिए। एक यह है, कि मुसलमानों को स्थिति को ठीक से समझना चाहिए और ताकि उन्हें बुद्धिमान और धर्मी वाला नेतृत्व दिया जाए। शायद ईश्वर निराश करे और उन सभी के, जो हमला कर रहे हैं उनके सभी प्रयासों को काबू करें और इस्लाम के भीतर से और साथ ही साथ बिना उसके, नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

यह वास्तव में, दुखद है कि राजनीति को धर्म के साथ मिलाया जा रहा है, और इस प्रकार अरब देशों के गलत फैसलों के कारण इस्लाम एक खराब नाम प्राप्त कर रहा है, साथ ही साथ पश्चिम और उसकी चालबाज़ी। हाल के महीनों में कथ्थार से व्यापार प्रतिषेध और ईरान के खिलाफ संघर्ष से (जहां वर्ष 2016 में ईरानियों को सऊदी अरब में तीर्थयात्रा के लिए प्रवेश करने से अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया) और सीरिया में असामान्य संघर्ष और फिलिस्तीन में और जहाँ भी मुसलमान अपने अल्पसंख्यक और गरीब स्थिति होने के कारण पीड़ित हैं, वास्तव में, मुसलमान एक अनिश्चित स्थिति में हैं। दिखाने और संयुक्त मोर्चे पर विश्वास करने की बजाय, उन्हें कई असंतुष्ट समूहों में खदेड़ दिया गया है ।

मुस्लिम नेताओं को एहसास नहीं है, कि जो कुछ भी मध्य पूर्व में हो रहा है, या जो भी होने वाला है, इससे मुस्लिम देशों को नुकसान होगा और केवल गैर मुसलमानों को फायदा होगा। हमें प्रार्थना करना चाहिए कि अल्लाह मुस्लिम देशों को बुद्धिमत्ता की ओर मार्गदर्शन करे। केवल दिव्य शक्ति ही इस शोकपूर्ण घटना को शांति से उलट सकती है।

हमें दुनिया में न्याय स्थापित करने और उत्पीड़न का विरोध करने का प्रयास करना होगा। पवित्र पैगंबर मुहम्मद (स अ व स) ने कहा कि एक मुसलमान को अपने भाई की मदद करनी चाहिए, चाहे वह प्रताड़ित हो या जालिम। जब उनसे पूछा कि कैसे जालिम कि मदद की जानी चाहिए, पवित्र पैगंबर (स अ व स) ने कहा कि उसे उत्पीड़न से अपना हाथ वापस लेने के लिए राजी किया जाना चाहिए। इसलिए, मैं उन लोगों की सराहना करता हूं - देश / राष्ट्र, मुस्लिम और गैर-मुस्लिम जो शांति- प्रिय हैं और जो

वास्तव में, खाड़ी देशों के बीच शांति और सामंजस्य लाना चाहते हैं और सभी मुस्लिम देशों ने युद्ध के पंजे और संघर्ष द्वारा चीर दिया है। मुस्लिम राष्ट्रों को हमेशा अल्लाह द्वारा निर्धारित सीमाओं को ध्यान में रखना चाहिए और कुरान के उपदेश और सुन्नत के अनुसार बुद्धिमानी से कार्य करना चाहिए।

यह वास्तव में हमारा कर्तव्य है, कि हम अपने मुस्लिम भाइयों को, जहां तक संभव हो, अन्याय करने से रोकें। इस तरह हम उनकी मदद कर रहे हैं। हमें भी उनकी मदद करनी चाहिए, जब वे स्वयं अन्याय सह रहे हों। इस्लाम की दुनिया को प्रदर्शित करने के लिए उग्र विरोध के सामने सहनशीलता की प्रतिक्रिया करनी चाहिए, जो इस्लाम की महानता को स्थापित करेगी। मुसलमानों द्वारा गलत आचरण केवल इस्लाम को एक बुरा नाम देता है।

एक बार, जब एक फ़ौजी अभियान पर, पवित्र पैगंबर (स अ व स) से उनके अनुयायी अलग हो गए थे और एक पेड़ के छाया के नीचे आराम कर रहे थे। वह एक हाथ में तलवार लेकर उसके ऊपर खड़े शत्रु को खोजने के लिए जाग गए। उसने कहा कि - हे मुहम्मद , अब तुम्हारा जीवन कौन बचा सकता है? "पवित्र पैगंबर (स अ व स) ने उत्तर दिया **"अल्लाह"** ; तब उसके हमलावर ने अपनी तलवार को गिरा दिया। यह सिर्फ एक उत्तर है, जो परीक्षणों और प्रतिकूलताओं का सामना करते समय प्रत्येक आस्तिक को देना चाहिए। एक को हाथ के तलवार को नहीं देखना चाहिए (या कोई अन्य अस्त्र-शस्त्र) लेकिन अल्लाह की दिव्य शक्ति को देखना चाहिए, जो उस हाथ को नियंत्रित करता है।

हमारे युग में, जमात उल साहिह अल इस्लाम को अल्लाह ने अपने सिर पर चुने हुए खलीफा (खलीफातुल्लाह) को ठहराया है। जो जमात उल साहिह अल इस्लाम के दुश्मन हैं, सच में अल्लाह और उसकी इच्छा के खिलाफ युद्ध छेड़ रहे हैं। सत्य के विरोधी को लगता है, कि वे पहले हड़ताल करेंगे, लेकिन ध्यान रखें, कि जो हाथ जमात उल साहिह अल इस्लाम को नष्ट करने के लिए उठाये गए हैं - सच्चा इस्लाम, वे प्रहार करने से पहले परमेश्वर के क्रोध से अपंग हो जायेंगें। वहाँ कोई शक्ति नहीं है, जो अल्लाह के फरमान को बदल कर रख सकती है। पवित्र कुरान में कोई संदेह नहीं है, कि विश्वासी भयंकर उत्पीड़न से पीड़ित होगा, लेकिन अगर वे दृढ़ रहेंगें और अल्लाह पर पूरे विश्वास के साथ दृढ़ विश्वास रखेंगें, फिर वह अपने धर्मी सेवकों की उनके विरोधी कि दुष्टता से रक्षा करेगा।

समय-समय पर अल्लाह के सच्चे सेवकों के खिलाफ विभिन्न प्रकार के विरोध और इस युग में जमात उल साहिह अल इस्लाम के खिलाफ ,हमेशा साहिह अल इस्लाम (सच्चे मुसलमान और जमात उल साहिह अल इस्लाम के सदस्य) के लिए प्रगति के नए रास्ते खोलेगा । मैं जमात उल साहिह अल इस्लाम के सभी सदस्यों को अपने विश्वास में दृढ़ रहने के लिए और ईश्वर में पूर्ण विश्वास रखने के लिए कहता हूं और एक आखिरी नोट के रूप में, इस युग में आपकी ओर भेजे गए संदेशवाहक के संदेश पर ध्यान दीजिए। वास्तव में, जो लोग ईश्वर के दूतों के संदेश को ध्यान देते है उनका कभी भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। आप निश्चित रूप से बार-बार फिर से विजय प्राप्त करेंगे। इंशा-अल्लाह, आमीन।

घोषणा:

अल्हम्दुलिल्लाह सुम्मा अल्हम्दुलिल्लाह तमिलनाडु में हमारे सदस्य आज जुम्मे की नमाज के बाद एक विशेष तर्बियत कार्यक्रम का आयोजन कर रहें हैं। और अल्लाह के महीन अनुग्रह और आशीर्वाद द्वारा, जमात उल साहिह अल इस्लाम, तमिलनाडु आधिकारिक तौर पर भूमि को पंजीकृत कर रहा है।

अल्हम्दुलिल्लाहिल -लज़ी बी निहमतिहि त 'तिमुस सालिहात

सभी प्रशंसा अल्लाह के कारण हैं, जिनके सम्मान और महिमा से, पुण्य के कार्य को पूरा किया गया हैं।